Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# बदरीनाथ धाम को 20 क्विंटल फूलों से सजाया गया

दर्शन

## आज बंद होंगे कपाट,पांच लाख रिकार्ड तीर्थयात्री पहुंचे चारधाम

संवाददाता

देहरादून/बदरीनाथ। बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल हेतु कल शनिवार को बंद हो जायेंगे। आज 2768 तीर्थ यात्रियों ने श्री बदरीनाथ धाम के दर्शन किये है। आज तक श्री बदरीनाथ पहुंचने वाले कुल तीर्थयात्रियों की संख्या 191106 तीर्थयात्री श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गये हैं।

बदरीनाथ धाम से देवस्थानम बोर्ड के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि श्री केदारनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल हेतु बंद हो चुके हैं। श्री बदरीनाथ धाम के कपाट कल 20 नवंबर को शीतकाल हेतु बंद हो जायेंगे। इस अवसर हेतु बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश ने श्री बदरीनाथ मंदिर को 20 क्विंटल विभिन्न गेंदा गुलाब, कमल,आदि फूलो पत्तियों से सजाया है। अभी



तक श्री बदरीनाथ धाम की यात्रा जारी है चारधामों में पांच लाख रिकार्ड श्रद्धालु पहुंचे है जिनमें से श्री बदरीनाथ धाम 191106,श्री केदारनाथ 242712, श्री गंगोत्री 33166, श्री यमुनोत्री 33306 तीर्थयात्री पहुंचे है चार धाम पहुंचने वाले कुल तीर्थयात्रियों की संख्या 500290 है। भगवान बदरीविशाल जी की पंच पूजाओं के अंतर्गत आज मां लक्ष्मी जी की पूजा तथा उन्हें श्री बदरीनाथ मंदिर आने की प्रार्थना की गयी। रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी ने मां लक्ष्मी माता को स्त्रेण भेष में बुलावा भेजा। गत दिवस खडग पुस्तक पूजन हुआ तथा शीतकाल हेतु वेद ऋचाओं का पाठ बंद हो गया। इस अवसर पर रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी, देवस्थानम बोर्ड के उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.डी. सिंह, धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल एवं आचार्यगण तथा सुनील तिवारी, राजेन्द्र चौहान, भूपेंद्र रावत, डा. हरीश गौड़, संजय भट्ट, कृपाल सनवाल, हरीश जोशी सहित तीर्थयात्री मौजूद रहे। आज बड़ी संख्या में तीर्थयात्री मंदिर पहुंचे। कपाट बंद के अवसर हेतु मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया के अंतर्गत पंच पूजाओं के पहले दिन 16 नवंबर को प्रातः से श्री गणेश जी की पूजाएं तथा शाम को गणेश जी के कपाट शीतकाल हेतु बंद हो गये। 17 नवंबर को श्री आदि केदारेश्वर भगवान के कपाट बंद हुए। कल 18 नवंबर को खडग पुस्तक पूजन हुआ। कल 20 नवबर शनिवार को श्री बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होंगे

## न्यूज डायरी

### इंदिरा गांधी की जयंती पर नेताजी संघर्ष समिति ने पुष्पांजलि अर्पित की

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने आज देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर उनकी इंदिरा मार्किट स्थित लगी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर देश की निस्वार्थ भाव से सेवा करें तथा उनके द्वारा बनाये गए कार्यक्रम को जन जन तक पहुचाये। स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी को याद करने वालों में समिति के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता प्रभात डंडरियाल,आरिफ वारसी,प्रदीप कुकरेती, राम सिंह प्रधान ,राजकुमार बत्रा ,प्रवीण शर्मा दानिश नूर,इल्यास कुरेशी, आदि उपस्थित थे।

### एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने की 'एचडीएफसी मल्टी कैप फंड' की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। प्रबंधन के तहत संपत्ति में 4.48 ट्रिलियन रुपए वाले भारत के अग्रणी म्यूचुअल फंड हाउस में से एक एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 'एचडीएफसी मल्टी कैप फंड' की घोषणा की। यह फंड उन निवेशकों के लिए सबसे अधिक उपयुक्त है जो लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप सेगमेंट में अनुशासित एक्सपोजर के साथ अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाना चाहते हैं। यह स्कीम लार्ज, मिड और स्मॉल कैप कंपनियों में से प्रत्येक में कुल एसेट्स का न्यूनतम 25 फीसदी का अनिवार्य आवंटन करेगी, जबकि इसके कुल एसेट्स का शेष 25 फीसदी फंड मैनेजर के मार्केट विजन के आधार पर आवंटित किया जाएगा।

### इंडिया 2.0 प्रोजेक्ट के तहत स्कोडा के दूसरे मॉडल का बाजार में आगमन

**संवाददाता** देहरादून। स्लाविया के बाजार में आगमन के साथ ही इंडिया 2.0 प्रोजेक्ट के तहत स्कोडा ऑटो के अगले चरण की शुरुआत हो गई है। मध्यम आकार के एसयूवी कुशक को सफलतापूर्वक लॉन्च करने के बाद, यह नई सेडान चेक कार निर्माता द्वारा भारत के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया दूसरा मॉडल है। स्लाविया का 95 प्रतिशत तक निर्माण–कार्य स्थानीय स्तर पर पूरा किया गया है। यह सेडान एमक्यूबी–ए0–आईएन प्लेटफॉर्म स्कोडा ऑटो द्वारा भारत के लिए विशेष रूप से विकसित किया गया एमक्यूबी वेरिएंट– पर आधारित है, जिसमें सुरक्षा के लिए बेमिसाल फीचर्स के साथ–साथ अत्याधुनिक इन्फोटेनमेंट सिस्टम मौजूद है। इस मॉडल का नाम, कार निर्माता कंपनी की शुरुआत के प्रति सम्मान प्रकट करता है।

## महिला पर्यावरण मित्र से अभद्रता, साथी से मारपीट

**संवाददाता** बागेश्वर। पिंडारी रोड पर सफाई कर रही एक पर्यावरण मित्र महिला के साथ अभद्रता और उसके बेटे के साथ मारपीट होने पर पर्यावरण मित्र भड़क गए। उन्होंने लगभग एक घंटे तक सड़क पर जाम लगा दिया।

पालिकाध्यक्ष के आने के बाद बामुश्किल जाम खुला। मित्रों ने पुलिस को 24 घंटे के भीतर आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर पूरे जिले की सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी दी है। शुक्रवार की सुबह पिंडारी रोड स्थित टैक्सी स्टैंड के समीप पर्यावरण मित्र शकुंतला देवी पत्नी राम गोपाल झाड़ू लगा रही थी। आरोप है कि यहां एक टैक्सी ड्राइवर से शकुंतला की कहासुनी हो गई। ड्राइवर गालीगलौज करने लगा। बीचबचाव को आए अभिषेक पुत्र राम गोपाल से चालक ने मारपीट कर दी। जिसमें अभिषेक को चोटे आई हैं और उसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। एकाएक वहां कूड़ा वाहन लेकर अरुण, कमल, प्रशांत आदि भी पहुंच गए। जिसकी भनक लगते ही चालक वहां से फरार हो गया। उन्होंने सफाई इंस्पेक्टर राजवीर को फोन से घटना की सूचना दी और पर्यावरण मित्र वहां बड़ी संख्या में जमा हो गए। उन्होंने पिंडारी मोटर मार्ग पर जाम लगा दिया। जिससे वाहनों की दोनों तरफ लंबी कतार लग गई। पुलिस महकमा भी पहुंच गया। लेकिन पर्यावरण मित्र चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल पर्यावरण मित्रों को समझाने पहुंचे।



सीएम ने की यूपी के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह से शिष्टाचार भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह से शिष्टाचार भेंट की।

## चुनाव से ठीक पहले कृषि कानून वापसी का ऐलान

संवाददाता

रुड़की। उत्तराखंड में भी कुछ सीटें ऐसी हैं, जहां पर मतदाता के रूप में किसान बड़ा उलटफेर कर सकते हैं। हरिद्वार जिले की बात करें तो यहां की नौ विधानसभा सीटों को किसान सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। अगले साल राज्य में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। ऐसे में चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार के कृषि कानून को वापस लेने के फैसले से काफी कुछ बदल सकता है। इस फैसले को आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। हरिद्वार जिले में 94 हजार हेक्टेयर भूमि पर खेती होती है। यहां एक लाख 28 हजार किसान खेती

**हरिद्वार की नौ सीटों पर किसान कर सकते हैं बड़ा उलटफेर**

करते हैं। जिले में मुख्य रूप से गन्ना, गेहूं, धान सब्जियां और बागवानी की खेती होती है। 16 हजार खेतिहर मजदूर भी हैं, जो कि किसानों से जुड़े हुए हैं। विधानसभा के हिसाब से देखा जाए तो मंगलौर, झबरेड़ा, भगवानपुर, कलियर, ज्वालापुर, खानपुर, लक्सर, रानीपुर और हरिद्वार ग्रामीण में किसान वोट बैंक ठीक संख्या में है।

इन विधानसभा क्षेत्रों में ही कृषि कानूनों को लेकर सबसे अधिक धरना–प्रदर्शन देखने को मिला है। मंगलौर और कलियर विधानसभा से जुड़े किसान तो दिल्ली के आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के तमाम बड़े पदाधिकारी भी इस बात को लेकर चिंतित नजर आ रहे थे। वहीं, पिछले सप्ताह ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के मानुबास में आयोजित किसान मेले के दौरान भी किसान मुख्यमंत्री से भी मांग कर रहे थे कि तीनों कृषि कानून को वापस लिया जाए। ऐसे में तीनों कृषि कानून वापस होने से भारतीय जनता पार्टी भी राहत महसूस कर रही है। दरअसल, हरिद्वार जिले की राजनीति हमेशा ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश से प्रभावित रही है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई जगह भाजपा नेताओं का विरोध हुआ और उनके गांव में प्रवेश वर्जित के बोर्ड पर लगा दिए गए थे, जिसका असर मंगलौर विधानसभा में भी देखने को मिला था।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लान्च किया 'एक्सिस मल्टीकैप फंड'

**संवाददाता** देहरादून। देश के सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने आज अपना नया फंड ऑफर – 'एक्सिस मल्टीकैप फंड' लॉन्च करने की घोषणा की। अनेक खूबियों से युक्त यह फंड 26 नवंबर को खुलने जा रहा है और 10 दिसंबर को बंद होगा। यह एनएफओ निवेशकों को लार्ज, मिड और स्मॉलकैप शेयरों में निवेश करने का अवसर प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्येक श्रेणी में न्यूनतम समान एक्सपोजर होगा। इस योजना का प्रबंधन अनुपम तिवारी और सचिन जैन, फंड मैनेजर, एक्सिस एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। सेबी के नियमों के अनुसार, मल्टी–कैप फंडों को प्रत्येक मार्केट कैप के तहत न्यूनतम 25 प्रतिशत एक्सपोजर की आवश्यकता होती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि पोर्टफोलियो किसी विशेष मार्केट कैप की ओर केंद्रित नहीं है। एक्सिस एमसी का मल्टी–कैप दृष्टिकोण भारतीय पूंजी बाजार मार्केट कैप स्पेक्ट्रम में निवेश के कई अवसर प्रदान करते हैं।